**Regarding road condition in Rajsamand**

श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ **(**राजसमन्द**) :** महोदया, मैं अपने राजसमन्द परिवार को यहां से बोलना चाहती हूं कि मैं सदन में हमेशा उनकी आवाज बनूंगी । देश में सड़क हादसों को रोकने और उसमें जान-माल की कम से कम हानि को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार अधिक से अधिक कार्य कर रही है । हमारे यहां राजसमन्द में देसूरी की नाल घाट मेवाड़ से मारवाड़ को जोड़ने वाली मुख्य सड़क जो चारभुजा से पाली जाती है, उस पर स्थित सड़क घुमावदार है और जंगल के बीच से रास्ता निकलता है । घुमावदार सड़क होने पर भी खतरनाक मोड़ों पर सड़क सुरक्षा के उपाय नहीं हो सके हैं और पूरे घाट इलाके में एलिवेटेड सड़क बन जाये, यह मांग जनता लम्बे समय से कर रही है, लेकिन पर्यावरण मंत्रालय की अनुमति नहीं मिल पाई है ।

महोदया, अभी कुछ दिन पहले ही इस घाट में बड़ा सड़क हादसा फिर से हो गया, जिसमें 3 स्कूली बच्चों की जान चली गई और अनेक लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं । अतः इन सड़क हादसों को रोकने के लिए निम्लिखित उपाए किये जाएं:-

पूरे देसूरी की नाल घाट में पर्यावरण मंत्रालय से एन.ओ.सी. प्राप्त करके पूरे घाट में एलिवेटेड सड़क का निर्माण किया जाये । घाट को राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत लाया जाये और सकरे मोड़ों को चौड़ा किया जाए । घाट की सड़क के किनारे अपेक्षित स्थानों पर विभिन्न सड़क सुरक्षा उपाय किये जाएँ । घाट की सड़क में ट्रैफिक नियंत्रण के उपाय किए जाएं । यह सिर्फ राजसमन्द में ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र में ऐसा होना चाहिए ताकि दुर्घटनाएं न हों ।